ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष सप्तमी 08:35 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 2 जून 2025
वर्ष 6, अंक 192, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

PAGE NO 5 : MIDDLE

# डॉपलर के उपयोग और भूमिका पर हुई चर्चा



बरेली, अमृत विचार : एसआरएमएस मेडिकल कालेज में रविवार को स्त्री एवं प्रसूति रोग में डॉपलर की भूमिका पर वर्कशाप हुई। 50 से अधिक प्रतिनिधियों ने यूएसजी डॉपलर पर प्रशिक्षण लिया। विशेषज्ञ फैकल्टी एवं मास्टर ट्रेनर डॉ. भारती गहटोरी ने डॉपलर तकनीक के सभी पहलुओं, गर्भावस्था के उपचार और प्रबंधन में इसकी भूमिका और इसके उपयोग के बारे में जानकारी दी। प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की अध्यक्ष डॉ. शशि बाला ने कहा कि फैकल्टी और रेजिडेंट खुद को नई जानकारियों से अपडेट रखें। डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति का इस ओर फोकस है। बरेली आब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलाजी सोसायटी की अध्यक्ष डॉ. लतिका अग्रवाल, डॉ. प्रगति अग्रवाल, डॉ. मृदु अग्रवाल और डॉ. रुचिका गोयल ने भी विचार रखे। वर्कशाप का आयोजन प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की ओर से हुआ।